तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 शीतलहर के प्रभाव से पारा में रिकॉर्ड गिरावट



## खबर संक्षेप

### पोर्टल पर खरीदी को बढ़ावा देने कार्यशाला आज

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (आरएएमपी) योजना के अंतर्गत सरकारी विभागों एवं कार्यालयों में जीइएम पोर्टल के माध्यम से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों से सामग्री खरीदी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 13 नवंबर को जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ स्थित जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न होगा।

### प्रथम नवसाक्षर लेखन कार्यशाला




**मनेन्द्रगढ़।** अरूणांचल प्रदेश में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत की पहली बार हिंदी के रचनाकारों की नवसाक्षर लेखन कार्यशाला का आयोजन राजीव गांधी विश्वविद्यालय, दोईमुख, ईटानगर में 12 से 14 नवंबर, को राजीव गांधी विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग तथा नेशनल बुक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, इसके अंतर्गत 12 नवंबर को विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा विभाग में राजीव गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जयदेव साहू तथा संयुक्त निदेशक कुमार विक्रम ने उद्घाटन कर शुभारंभ किया। राजीव गांधी विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रो. जोराम यालम नबाम कहा कि अरुणांचल प्रदेश के हिंदी विभाग के साथ मिलकर आयोजन करने के लिए नेशनल बुक ट्रस्ट का आभार व्यक्त करती हूं। कार्यशाला में प्रो. ओकेन लेगो, प्रो. जोराम यालम नबाम, डॉ. जमुना बीनी, डॉ. तारो सिन्दिक, सुश्री गुम्पी डूसो लोम्बि, डॉ. आइनम इरिंग, दोरजी लोन्यु, सुश्री नोमी मागा गुमरो, डॉ. तुम्बम रीबा, डॉ. मोर्जुम लोई, डॉ. तेली मेचा, सुश्री मिसुङ मदो, श्री वांगो सोसिया, श्री रिंगु एलप्रा तथा सुश्री जुमनू कामदाक उपस्थित रहे।

### 5 पीडीएस दुकानों का आवंटन निरस्त

**बैकुण्ठपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर ने ग्राम पंचायत तामडांड, बैमा, मझगवां, डकईपारा और सलबा की शासकीय उचित मूल्य दुकानों के आवंटन को अनियमितता के चलते निरस्त कर दिया है। यह कदम एजेंसी द्वारा नियमों का उल्लंघन किए जाने के कारण उठाया गया है। नई एजेंसी चयन के लिए वृहदाकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समितियां, महिला स्व सहायता समूह, वन सुरक्षा समितियां, अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां, स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत से 24 नवंबर तक आवेदन मंगाए गए हैं।

### मछली पालन में दोगुना हुआ उत्पादन

**बैकुण्ठपुर।** जिले में मत्स्य पालन विभाग का प्रमुख उद्देश्य जिले के उपलब्ध जल संसाधनों को मत्स्य उत्पादन के दायरे में लाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। आधुनिक पद्धतियों के प्रयोग और जलक्षेत्र के विस्तार से जिले में मछली पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2000 में जिले में कुल 44 सिंचाई जलाशय एवं 314 ग्रामीण तालाबों को मिलाकर 1335.858 हेक्टेयर क्षेत्र था, जिसमें 839.80 हेक्टेयर क्षेत्र में मत्स्य पालन किया जाता था। वहीं वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 52 सिंचाई जलाशय एवं 610 ग्रामीण तालाबों के साथ 1743 हेक्टेयर तक पहुंच गई है, जिसमें से 1568 हेक्टेयर क्षेत्र में मछली पालन हो रहा है। वर्ष 2000 में ग्रामीण तालाबों में मछली उत्पादन 1600 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 2500 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गया है। इसी तरह सिंचाई जलाशयों में उत्पादन 40 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 75 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गया है।



# पीएम मोदी करेंगे एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का शिलान्यास

**धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर होगा ऐतिहासिक आयोजन वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे पीएम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

आदिवासी अंचलों में शिक्षा के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर देशभर में 50 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का शिलान्यास एवं 42 विद्यालयों का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से करेंगे।

कोरिया जिले के सोनहत के घुघरा में बनेगा नया एकलव्य विद्यालय। इस अवसर पर कोरिया जिले के विकासखंड सोनहत के ग्राम घुघरा में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना का शिलान्यास किया जाएगा।

यह विद्यालय क्षेत्र के आदिवासी विद्यार्थियों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ आवासीय सुविधा प्रदान करेगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान जिले में सभी तकनीकी व्यवस्थाएं और ऑनलाइन कनेक्टिविटी निर्बाध रूप से संचालित हों। जिला स्तरीय कार्यक्रम जनजाति गौरव दिवस शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल, खरवत में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक आमंत्रित रहेंगे। वर्चुअल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले में निर्धारित स्थल पर किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बन सकें।

**पखवाड़े के अंतर्गत होगा आयोजन**

राज्य शासन के निर्देशानुसार 1 से 15 नवंबर तक पूरे प्रदेश में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान जनजातीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प, लोकनृत्य, संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की यह श्रृंखला आदिवासी अंचलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी संसाधन और सर्वांगीण विकास का अवसर प्रदान करेगी। यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा देगी बल्कि जनजातीय समाज के गौरव और आत्मनिर्भरता को भी सशक्त बनाएगी।

**एसडीएम ने की कार्रवाई**

# प्रशासन सख्त: केल्हारी में 475 बोरी धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

प्रशासन द्वारा अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसडीएम केल्हारी श्रीमती इंद्रा मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई की गई। इसी तरह अन्य स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई में कुल 475 बोरी धान जब्त किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार डोडकी धान खरीदी केन्द्र के पास झोपड़ी में रखे हुए 74 बोरी कोचिये का धान जब्त किया गया। इसी तरह डोडकी तिराहा के पास एक झोपड़ी में अवैध रूप से रखा गया 28 बोरी धान तथा एक वेटिंग मशीन (तौल कांटा) भी जब्त की गई। वहीं आरके ट्रेडिंग चारवाही से 170 बोरी पुराना धान जब्त किया गया।



जब्त धान।

एसडीएम केल्हारी के निर्देश पर तहसील प्रशासन, खाद्य विभाग और राजस्व अमले की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त धान बिना वैध दस्तावेजों के संग्रहित किया गया था तथा खरीदी केन्द्र के आसपास अनुचित तरीके से रखा गया था।

टीम ने मौके से धान को जब्त कर पंचनामा तैयार किया और संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की। एसडीएम केल्हारी श्रीमती इंद्रा मिश्रा ने बताया कि सरकारी धान खरीदी शुरू होने से पहले किसी भी प्रकार की अवैध खरीदी-बिक्री, भंडारण या परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि किसी भी स्तर पर अवैध धान खरीदी या भंडारण न हो सके।

# नवजात शिशु का शव मिलने से अंचल में फैली सनसनी

- मेन रोड तलवापारा की घटना, जांच में जुटी कोतवाली पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर से निकलने वाली मुख्य मार्ग पर ओड़गी नाका के आगे तलवापारा में 12 नवंबर को अज्ञात नवजात शिशु का शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई और कुछ देर तक लोगों की भीट जुटी रही।

इस बीच पुलिस को सूचना दी गई, तब तत्काल मौके पर सिटी कोतवाली प्रभारी विपिन लकड़ा और जिला बाल संरक्षण अधिकारी की टीम पहुंची और पंचनामा कार्रवाई उपरांत नवजात शिशु के शव को अपने कब्जे में लिया। फिलहाल नवजात शिशु किसका है और कौन मुख्य मार्ग किनारे फेंक कर चला गया इसकी जानकारी अभी तक नहीं हो पाई। मामले की जांच में कोतवाली पुलिस जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को ओड़गी नाका के आगे मुख्य मार्ग किनारे एक नवजात शिशु का शव दिखाई दी, इसके बाद लोगों की भीड़ बढ़ने लगी और पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर अपनी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण की। मृत नवजात बालक है, इसे किसने और कब सड़क किनारे फेक कर चला गया ,इसकी जानकारी पुलिस जुटाने में जुट गई है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को कोई स्पष्ट जानकारी हासिल नहीं हुई, इसके बाद पुलिस मामले को जांच में लेकर जांच में जुट गई है।

# नाली के गंदे पानी को ट्रीटमेंट कर साफ करने की योजना फेल

- जनदर्शन में कलेक्टर से मिले कांग्रेसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

चिरमिरी क्षेत्र के गोदरीपारा, हल्दीबाड़ी के एनसीपीएच कॉलरी एवं चिरमिरी कॉलरी बरतुंगा के कोठारी में कॉलोनियों से निकलने वाले गंदे पानी को ट्रीटमेंट कर, साफ पानी बनाने के लिए लगभग 12 करोड़ खर्च कर स्थापित किए गए तीनों एसबीआर सिस्टम पूरी तरह से फेल हैं। प्लांट देखने या जांच पड़ताल करने आने वालों उच्चाधिकारियों को दिखाने के लिए बोर के साफ पानी से संचालित पानी के कृत्रिम बहाव को ही दिखाया जाता है।

इस बात को लेकर चिरमिरी के पूर्व महापौर और जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष के. डोमरू रेड्डी ने कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर जिला कलेक्टर से जनदर्शन में मुलाकात कर फर्जीवाड़ा कर धोखेबाजी करने वाले इस योजना पर उचित कार्रवाई की मांग की है। पर्यावरण संरक्षण के दिशा में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के सख्ती के बाद सरकार के आदेश के परिपालन के बजाय कंपनी ने योजना के संचालन से पहले ही 12 करोड़ फूंक डाले, किंतु नतीजा शून्य रहा। सफेद हाथी के रूप में खड़े इस कथित प्लांट में नालियों के कनेक्ट न होने के कारण एक लीटर भी गंदा पानी आता है, परिणामस्वरुप फिल्टर भी कुछ नहीं होता। इतना ही नहीं इस आधे-अधूरे प्लांट में कमिशन का जोर ऐसा चला है कि पहले अधूरे प्लांट का भुगतान हुआ और अब मेंटेनेंस के नाम पर भी निर्माण एजेंसी के साथ पूरा हिसाब हो रहा है। इसके अलावा एजेंसी द्वारा एसईसीएल के कर्मचारियों को इस योजना के संबंध में प्रशिक्षण भी दिया जाना था, जिस दिशा में भी किसी का ध्यान नहीं है। कंपनी के साथ किए गए इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करने कलेक्टर से मुलाकात कर पूर्व महापौर के.डोमरू रेड्डी ने ठोस कार्रवाई की मांग रखी है।

### चोरों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान से पार किया राशन

**अम्बिकापुर।** बतौली बिलासपुर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में चोरों ने ताला तोड़ कर लगभग 18 हजार से अधिक कीमत के राशन चोरी कर लिया। संचालक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम बिलासपुर निवासी सुनील कुमार सरसोरिया आ. स्व. हरि भजन सरसोरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि पिछले पांच साल से बिलासपुर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन करता है। गत दिन उचित मूल्य दुकान गया तो दुकान सही सलामत था। आज सुबह गया तो देखा दुकान का ताला टूटा हुआ था। संचालक न जब दुकान में रखे राशन का मिलान किया तो पता चला कि चोरों ने 18 हजार 200 रूपए कीमत के 46 बोरी चावल, 8 बोरी शक्कर गायब था।

### खड़गवां की बरदर जलाशय योजना: नहर जीर्णोद्धार के लिए साढ़े 3 करोड़ की स्वीकृति

**खड़गवां।** स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर क्षेत्र को एक और सौगात मिली है। एमसीबी जिले के विकासखंड खड़गवां की बरदर जलाशय योजना के नहर का जीर्णोद्धार कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति जल संसाधन विभाग की तरफ से दी गई है। यह स्वीकृति 3 करोड़ 52 लाख रूपए की है। इस परियोजना के पूर्ण हो जाने से क्षेत्र की सिंचाई क्षमता बढ़कर 586 हेक्टेयर क्षेत्र तक पहुंच जाएगी, इससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और जल संसाधनों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। वहीं मनेन्द्रगढ़ की स्थानीय जनता ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विधायक तथा कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार जताया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद कहा है कि नहर जीर्णोद्धार के कार्य से सिंचाई की क्षमता बढ़ेगी और क्षेत्र के किसानों को बेहतर फसलों के लिए एक नई दिशा मिलेगी।



### सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 10 किमी लंबी पदयात्रा

**मनेन्द्रगढ़।** लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर जिले में 14 नवंबर को एकता, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण का संदेश देने वाली भव्य पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों की व्यापक सहभागिता होगी। पदयात्रा का शुभारंभ खोंगापानी स्थित सामुदायिक भवन से होगा, जो आमाखेरवां परेड ग्राउंड तक लगभग 10 किमी की दूरी तय करेगी। प्रारंभ में सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया जाएगा।

### आज झुमका डैम में होगा जिला स्तरीय मॉकड्रिल

**बैकुंठपुर।** राष्टीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कैलेंडर वर्ष 2025-26 के तहत बुधवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता की अध्यक्षता में 13 नवंबर को झुमका डैम में जिला स्तरीय मॉक अभ्यास आयोजित करने के संबंध में ओड़शिा से पहुंचे एनडीआरएफ के अधिकारियों के साथ बैठक हुई।



इस संबंध में अधिकारियों, कर्मचारियों को आपदा के दौरान बचने के उपाय के बारे में जानकारी दी गई। 13 नवंबर को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों की आपदा प्रतिक्रिया तैयारियों की समीक्षा और अभ्यास किया जाएगा। इस अभ्यास में राजस्व, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर सेना, नगर पालिका, तथा जनसंपर्क विभाग सहित कई विभागों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। यह मॉक ड्रिल राष्टीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तृतीय वाहिनी, मुंडली कटक (ओडिशा) के सहयोग से आयोजित की जा रही है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथियों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके।

### जनदर्शन में पहुंचे रामगरीब की समस्या का निराकरण

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनहितकारी निर्देशों का असर अब जिला प्रशासन के कामकाज में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इसी कड़ी में बीते मंगलवार को जिला कलेक्टरेट सभा कक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान ग्राम बड़गांव निवासी किसान रामगरीब सिंह पिता दलीप सिंह, जाति गोंड़ ने अपनी भूमि की ऋण पुस्तिका जारी किए जाने की मांग रखी। आवेदक ने बताया कि उनके स्वामित्व की भूमि ग्राम बड़गांव में है। इन दोनों स्थानों की भूमि का फौती संशोधन पूरा हो चुका था, परंतु संबंधित हल्का पटवारी द्वारा ऋण पुस्तिका अब तक जारी नहीं की गई थी। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने किसान की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदन का त्वरित निराकरण किया जाए। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई कुछ ही समय में आवेदक को अद्यतन ऋण पुस्तिका उपलब्ध करा दी गई। उल्लेखनीय है कि विगत माह मुख्यमंत्री ने कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस में सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया था कि जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं पीएम पोर्टल में प्राप्त शिकायतों और मांगों का शीघ्र एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए।



**झुंड में घूमते हैं श्वान, राहगीरों पर हमले का बना रहता है खतरा**

# आवारा श्वानों को हटाने के लिए केवल लटके बैनर-पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्कूल, अस्पताल, बस स्टैंट सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आवारा श्वानों को हटाने के लिए समय-सीमा निर्धारित कर दी है। इधर शहर में आवारा श्वानों को उक्त सार्वजनिक स्थलों से हटाए जाने को लेकर नपा द्वारा अब तक कोई प्रयास शुरू नहीं किया है,लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेश से सार्वजनिक स्थल पर शिकायत निदान के लिए बैनर अवश्य लटकाया गया है।

जानकारी के अनुसार शहर के फौव्वारा चौक के पास नगर पालिका बैकुंठपुर द्वारा आवारा श्वानों के संबंध में शिकायत निदान के लिए 1100 नंबर जारी किया है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के आर्डर 22 अगस्त 2025 का हवाला दिया गया है। बैनर में उल्लेख किया गया है कि आवारा श्वानों को भोजन कराना केवल इसमें अनुमत है, लेकिन सड़क, गली, पार्क एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भोजन कराना पूर्णतः प्रतिबंधित और उल्लंघन करने वालों के



झुंड में घूमते श्वान।

विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी, लेकिन सार्वजनिक जगहों पर आवारा श्वानों को हटाकर सुरक्षित रखने की दिशा में अब तक कोई भी कार्रवाई शहर में शुरू नहीं की गई है। शहर के प्रमुख मार्गो के साथ-साथ कई जगहों के सार्वजनिक स्थलों पर इन दिनों आवारा श्वानों की टोली को देखा जा सकता है। इनसे राहगीरों को हमेशा भय बना रहता है, इसके अलावा मुख्य मार्ग पर ⏭ शेष पेज 4 पर

**बच्चों के साथ बड़ों को भी खतरा**

शहर के मुख्य मार्ग सहित विभिन्न मोहल्लों में आवारा श्वानों के झूंड से बच्चे ज्यादा भयभीत होते हैं, यही नहीं बडे लोग भी कई बार आवारा श्वानों के झूंड के बीच से गुरजने के दौरान डर जाते हैं कि कही हमले का शिकार न हो जाए। इस तरह की स्थिति से प्रतिदिन मुख्य मार्ग सहित शहर के विभिन्न मोहल्लों में स्थिति बनी रहती है।

**मटन मार्केट के पास अक्सर खतरा**

शहर के पुराना बस स्टैंड के निकट स्थित मटन मार्केट के पास अक्सर आवारा श्वानों का झूंड दिखाई देता है। इसी जगह से लगे पुराना बस स्टैंड है, यहां पर भी शाम ढलने के बाद इस क्षेत्र में आवारा श्वानों का टोली इधर-उधर होते दिखाई देती हैं और कई बार आवारा श्वान आपस में लड़ाई करने भी लग जाते हैं, इससे लोगों को इनसे बचकर आवागमन करना पड़ता है।

**सड़क दुर्घटना का कारण भी**

शहर में बढ़ते आवारा श्वानों के कारण जहां डॉग बाइट का खतरा तो हर किसी को बना ही रहता हैं इसके अलावा मुख्य मार्ग पर आवारा श्वानों के इधर-उधर आने जाने के कारण कई बार वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का कारण भी बनता है। शहर में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जबकि सड़क पर अचानक कुत्तों के आने के कारण दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं।

# तंबाकू बिक्री, कोटपा एक्ट के तहत 7 दुकानों पर जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में कोटपा एक्ट 2003 के तहत व्यापक जांच अभियान चलाया गया।

जांच दल ने जेकेडी रोड स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, ब्लॉसम स्कूल, एसपीएम मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, स्वामी विवेकानंद पीजी कॉलेज एवं सेंट जोसेफ स्कूल झगराखंड परिक्षेत्र में संचालित 16 पान ठेला, गुमटी, किराना दुकान, होटल एवं रेस्टोरेंट्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोटपा एक्ट की धारा 4/6 का उल्लंघन पाए जाने पर 7 दुकानों से कुल 1100 का जुर्माना वसूला गया। यहां धूम्रपान करना अपराध है तथा 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद बेचना दंडनीय अपराध है संबंधी सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### भैयाथान हनुमान मंदिर में हर माह के दूसरे शनिवार को होगा मासिक भंडारा

**भैयाथान।** हनुमान मंदिर भैयाथान में हनुमंत सेवा समिति द्वारा मासिक भंडारे की परंपरा शुरू की गई है। अब प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को सेवा-भाव के साथ भंडारे का आयोजन किया जाता है, इसी कड़ी में शनिवार को राम जानकी मंदिर के समीप श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह भंडारा भगवान हनुमान की भक्ति एवं समाज सेवा की भावना को समर्पित है। क्षेत्रवासियों से सहयोग और सहभागिता से यह धार्मिक सेवा निरंतर दो माह से सफलतापूर्वक चल रही है। इसी क्रम में आगामी भंडारा 13 दिसंबर को 1 बजे से मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ लेने की बात कही।

### मंत्री राजवाड़े के जन्मदिन पर 60 परिवारों को वितरण किया कंबल



भैयाथान। विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विकासखंड भैयाथान के ग्राम पंचायत तरका के पंडो बस्ती में 60 परिवारों को कंबल वितरण किया गया। इस दौरान मिष्ठान खिलाकर पंडो समाज के परिवार के साथ जन्मदिन मनाए। युवा मोर्चा के महामंत्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि मंत्री का कहना है की हम अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहते है। विष्णु का सुशासन है सभी पंडो समाज के परिवार ने मंत्री को अपना आशीर्वाद व उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान ऋषभ अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, हर्ष गुप्ता, मयंक गुप्ता, हृदय सिंह, अखिलेश सिंह व सरपंच सहित अन्य उपस्थित रहे।

### वन अमले को दिया गया बाघों की गणना का प्रशिक्षण




**अम्बिकापुर।** एलीफेंट रिजर्व एवं गुरू घासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को वन्यप्राणी प्रभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को अखिल भारतीय बाघ गणना का प्रशिक्षण एलिफेंट रेस्क्यू सेंटर रमकोला में प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम डब्लूडब्लूएफ के सीनियर एग्जीक्यूटिव उपेन्द्र दुबे एवं एलीफेंट रिजर्व के मास्टर ट्रेनर विनय कुमार टण्डन ने अधिकारी -कर्मचारियों को मोबाइल से एप के माध्यम से बाघ गणना की वैज्ञानिक पद्वति बताई। इस दौरान एप के माध्यम से गणना के प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया गया। सीसीएफ वाइल्डलाइफ व क्षेत्रीय संचालक एस.वेंकटाचलम, उप निदेशक, श्रीनिवास तेन्नेटी, एसबी पाण्डेय, बीएस भगत, वीबी केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन की टीम ने जब्त किया 250 बोरी अवैध धान



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम सिरसी, तहसील भैयाथान में संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने रवि शंकर गुप्ता आ. त्रिवेणी गुप्ता के गोदाम में बिना वैध दस्तावेज के रखे गए 250 बोरा धान को जब्त किया है। धान खरीदी कॉन्टेक्ट हुए जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर निगरानी कड़ी की गई है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध धान की किसी भी गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदी का पूरा लाभ मिल सके।

### ऑडिटोरियम भवन से चोरों ने पार किया 85 हजार कीमत का सामान

सूरजपुर। लोनिवि के उप अभियंता कल्याण सिंह पोर्ते ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि गत दिन चौकी चार दिनेश बारला ने सूचना दिया कि ऑडिटोरियम भवन का ताला टूटा हुआ है। सूचना पर जब अधिकारी मौके पर जायजा लिया तो पता चला कि ऑडिटोरियम भवन से साउण्ड सिस्टम, मिक्सर मशीन,चैनल, एम्पलीफायर, विद्युत तार सहित अन्य सामान गायब थे। लोनिवि के उप अभियंता कल्याण सिंह पोर्ते के मुताबिक चोरों ने भवन से लगभग 85 हजार कीमत से अधिक का सामान चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

---

### भगवानपुर खुर्द तालाब के समीप कर रहा था ग्राहक का इंतजार

# नशीले इंजेक्शन का एक और सप्लायर चढ़ा आबकारी उड़नदस्ता टीम के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा संभाग में नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है।

**खास बात**
- टीम ने जब्त किया 42 हजार कीमत के नशीला इंजेक्शन

संभागीय उड़नदस्ता की टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे नशीले इंजेक्शन के सप्लायर को पकड़ा। टीम ने युवक के पास से 42 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी युवक को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।


नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया आरोपी युवक।

क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि भगवानपुर खुर्द तालाब के पास एक युवक बड़ी संख्या में इंजेक्शन सप्लाई के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने तत्काल उड़नदस्ता टीम के साथ भगवानपुर खुर्द आदिवासी पारा तालाब के आसपास घेराबंदी दी। इसी बीच संदिग्ध होत में तालाब के समीप मौजूद युवक को संदेह के आधार पर पकड़ पूछताछ किया तो युवक ने अपना नाम अनीश तिग्गा बताया। उड़नदस्ता की टीम ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास रखे थैले से 42 हजार कीमत के 84 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। उड़न दस्ता की टीम ने नशीले इंजेक्शन को जब्त का युवक को गिरफ्तार कर लिया। उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक तेजराम केहरी, मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।

**दो दिन के भीतर दो कार्रवाई**

संभागीय उड़नदस्ता टीम द्वारा शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में न सिर्फ नशीले इंजेक्शन सहित टेबलेट के कारोबारियों के विरुद्ध धर पकड़ की कार्रवाई की जा रही है। गत दिन उड़नदस्ता की टीम ने शहर के मौलीबांध में नशीले इंजेक्शन खपाने के फिराक में घूम रहे एक युवक को पकड़ा था। वहीं आज दूसरे दिन पुनः संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने भगवानपुर खुर्द तालाब के समीप एक और युवक को पकड़ कर उसके पास से 42 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन बरामद किया। दो दिन के भीतर दो कार्रवाई करने से नशा के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

**लगातार की जाएगी कार्रवाई**

संभागीय उड़न दस्ता की टीम न कुछ महीने के भीतर ही नशीले इंजेक्शन व टेबलेट बिक्री करने वालों के विरूद्ध 25 कार्रवाई की गई है। इस कारोबार से जुड़े कई कारोबारी जेल में है जो बाहर है उनकी तलाश जारी है। जल्द ही अन्य नशे के कारोबारियों को पकड़ लिया जाएगा।

- रंजीत गुप्ता
सहायक जिला आबकारी अधिकारी

---

## करंजी रेलवे कोल साइडिंग की अव्यवस्था पर कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

करंजी रेलवे साइडिंग क्षेत्र में कोयला परिवहन और लोडिंग-अनलोडिंग से उपजा प्रदूषण ग्रामीणों के सब्र का बांध तोड़ रहा है,गांव में चारों ओर उड़ती कोयले की धूल, टूटे रास्ते और दिन-रात गर्जन करते भारी वाहनों के कारण ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है,इन सबके खिलाफ राज्य बाल संरक्षण समिति के सदस्य सत्यनारायण जायसवाल ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था को सुचारू करने मांग की है।

- झुमर पारा स्थित जर्जर सड़क को शीघ्र मरम्मत कराने, की मांग

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम करंजी के रेलवे साइडिंग क्षेत्र में लम्बे समय से कोयले की लोडिंग-अनलोडिंग जारी है,आसपास की कई खदानों से कोयला बडे-बड़े ट्रक और ट्रालों के जरिए लाया जाता है, जो झूमरपारा रोड से होकर गुजरते हैं,इस निरंतर हो रही भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क पूरी तरह से टूटकर जर्जर को चुकी है,अब हाल यह है कि सड़क पर बने बड़े गड्ढों में बारिश के जलभराव होने से छोटे तालाबनुमा आकार की जगह बन जाती है,जबकि गर्मियों में धूल के गुब्बारे बनकर उड़ते हैं,इस मार्ग से रोजाना विद्यालयीन समय में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं, ट्रकों की तेज रफ्तार और उठती धूल बच्चों के लिए दोहरा खतरा बन गई है,सत्यनारायण जायसवाल ने ज्ञापन में चेताया है कि यदि इसी तरह लापरवाही जारी रही तो किसी दिन बड़ा हादसा होना निश्चित प्रतीत होता है,प्रशासन को तुरंत रोड की मरम्मत और ट्रकों के संचालन पर नियंत्रण लगाना चाहिए,गौरतलब है कि कोयला साइडिंग पर लोडिंग-अनलोडिंग के दौरान उड़ने वाली कोयले की धूल से कई लोगों को सांस लेने में तकलीफ, खांसी और आंखों में जलन की शिकायतें बढ़ रही हैं,कोल साइडिंग में न तो पानी का छिड़काव होता है,न प्रदूषण नियंत्रण की कोई व्यवस्था किया गया है,ज्ञापन में मांग किया गया है कि झूमरपारा रोड की तत्काल मरम्मत की जाए,कोयला परिवहन के दौरान नियमित पानी का छिड़काव हो,साइडिंग में प्रदूषण नियंत्रण उपाय किए जाएं और स्कूल समय में ट्रकों के संचालन पर रोक लगाई जाए।

---



## संस्था में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इंजीनियरिंग कॉलेज का वार्षिकोत्सव पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल , युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के आतिथ्य एवं सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में मंगलवार को मनाया गया। समारोह में प्राचार्य डॉ.राम नारायण खरे ने संस्था का नाम परिवर्तन करने पर अतिथियों का आभार जताया साथ ही सरगुजा संभाग का एकमात्र इंजीनियरिंग कॉलेज होने के कारण छात्रहित में इसे छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बनाने का आग्रह किया।

पर्यटन मंत्री श्री अग्रवाल ने कॉलेज के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। विश्वविजय सिंह तोमर ने युवाओं को सही राह पर चलने और विकसित भारत बनाने के संकल्पना को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया। सांसद चिंतामणि महाराज ने छात्र-छात्राओं को समय का सदुपयोग कर देश एवं समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया तथा रामायण के प्रसंगों के माध्यम से समय की उपयोगिता के बारे में बताया। अतिथियों ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को सम्मानित किया। अंत में सभी ने परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में ब्रम्हाकुमारी विद्या दीदी ने तनाव दूर करने के उपाय वही उपनिरीक्षक अभय तिवारी ने यातायात नियमों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पूनम दीवान तथा आभार प्रदर्शन डॉ.एच चंद्रा ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

---

## नगर पंचायत कार्यालय में प्रेमनगर विधायक की उपस्थिति में परिषद की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर में आज मंगलवार को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी की उपस्थिति में परिषद की बैठक आहूत की गई,बैठक में 19 एजेंडे पर चर्चा उपरांत समय पर निर्माण कार्य न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

- 19 एजेंडों में चर्चा उपरान्त निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं करने पर पर सम्बंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने का प्रस्ताव हुआ पारित




गौरतलब है कि नगर पंचायत बिश्रामपुर में मंगलवार को परिषद की बैठक हुई,बैठक में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने उपस्थित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों से नगर पंचायत के आय में बढ़ोतरी हेतु सुझाव लेकर कार्य को आगे बढ़ाने पर जोर दिया,यहां पर प्रेमनगर विधायक ने नपं में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए समय पर कार्यों के पूर्ण न होने पर चिंता जताते हुए ठेकेदारों से समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं,साथ ही समय पर कार्य पूर्ण न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने की बात कही गई है,यहां पर पार्षदों द्वारा बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर कोल परिवहन कार्य में लगे भारी भरकम वाहनों के चलने से कालोनीवासियों को हो रहे दिक्कतों से निजात दिलाए जाने की मांग कर अन्यत्र मार्ग से कोल परिवहन कराए जाने की बात प्रेमनगर विधायक से की गई,जिस पर प्रेमनगर विधायक ने कलेक्टर से इस मामले में चर्चा करने का आश्वासन दिया है।बैठक में छठ घाट के सौंदर्यीकरण कार्य रिवाइज स्टीमेट की स्वीकृति समेत कर्मचारियों के संबंध में, नल जल योजना, सड़क स्विमिंग मशीन के संबंध में,झुग्गी बस्ती में सोलर लाइट व सोलर पंप स्थापना कराने जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया है,इसके अलावा व्यवसायिक परिसर की एक दूकान के निविदा होने के बाद भी आबँटन नहीं हो पाने का मुद्दा भी उठा जिस पर बताया गया कि उक्त फ़ाइल अनुमोदन के लिए सूरजपुर कलेक्टर को प्रेषित की गई है तब से मामला लंबित रह गया है।

बैठक में नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, पार्षद संजीत यादव, विनोद सरवटे, रविन्द्र विश्वकर्मा,अर्चना लकड़ा, लक्ष्मी यादव, नीलम मंडल व अन्य उपस्थित थे।

---

# छह इंजीनियरिंग असिस्टेंट को चार्ज शीट किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ठेकेदारों से मिलीभगत कर कंपनी के नियम कायदे के विपरीत जाकर करोड़ों रुपये के फर्जी तरीके से भुगतान करने,कंपनी के नियमों की अनदेखी कर फर्जीवाड़ा करने की मामले की शिकायत कम्पनी मुख्यालय स्थित विजलेंस विभाग से की गई थी,इसके दस माह बीत जाने के बाद विजलेंस जांच में अनियमितता प्रमाणित होने व मुख्य सतर्कता अधिकारी बिलासपुर के निर्देश पर एसईसीएल बिश्रामपुर प्रबंधन ने जांच में दोषी पाए गए छह इंजीनियरिंग असिस्टेंट (ओवर सीयर)को चार्ज शीट जारी कर 72 घंटे के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा है,जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर सभी को विभागीय जांच का सामना करने को कहा गया।

गौरतलब है कि बिश्रामपुर क्षेत्र अनियमितता सहित बड़ी वित्तीय गड़बड़ी होने के कारण अक्सर सीबीआई और विजलेंस जांच के दायरे में रहने से सुर्खियों में रहा है,अब एक नया मामला सिविल विभाग से जुड़ा हुआ उजागर हूआ है जहां तथाकथित इंजीनियर इंचार्ज और सहायक अभियंता रिटायर्ड स्टॉफ ऑफिसर सिविल की सह पर वित्तीय गड़बड़ी को अंजाम दे रहे थे,जिसकी शिकायत ठेकेदार द्वारा प्रमाण कंपनी के साथ संलग्न कर सतर्कता विभाग को साल के आरंभ में जनवरी में की गई थी,जिसके बाद जांच के लिए विजलेंस विभाग के अधिकारियों का लगातार बिश्रामपुर क्षेत्र का दौरा हो रहा था,हर एक शिकायत की विजलेंस टीम बारीकी से जांच कर तथ्य व सबूत जुटा रही थी,सभी कार्यों की जांच पूरा होने तथा गड़बड़ी और बोगस भुगतान करने का मामला प्रमाणित हो जाने के बाद कंपनी के सीवीओ के निर्देश पर क्षेत्रीय प्रबंधन ने सभी दोषी पाए गए छह इंजीनियरिंग असिस्टेंट सिविल को आरोप पत्र सौंप कर अपना लिखित जवाब 72 घंटे के भीतर सौंपने को कहा है,सतर्कता विभाग की बड़ी कार्यवाही के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है,पहली बार एक साथ छह लोगों के पकड़ में आने व चार्जशीट जारी होने के बाद संबंधितों के मन में खलबली मची हुई है।

**इन 6 इंजीनियर असिस्टेंट को प्रबंधन ने थमाया आरोप पत्र**

क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन के द्वारा जिन कर्मचारियों को आरोप पत्र जारी किया गया है उनमें इंजीनियर असिस्टेंट फिरोज खान, जगरनाथ नंदी, सुरेश कुमार डिक्सेना, मिथलेश सिन्हा, अखिलेश सिंह, डीके सिंह के नाम शामिल हैं। इनमें से फिरोज खान और अखिलेश सिंह वर्तमान में भटगांव क्षेत्र में पदस्थ हैं जबकि जगरनाथ नंदी और सुरेश कुमार डिक्सेना बैकुंठपुर क्षेत्र जबकि मिथलेश सिन्हा बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र और डीके सिंह नगर प्रशासन कार्यालय सिविल बिश्रामपुर टीए में कार्यरत हैं। उक्त सभी ओवर सीयर जो पूर्व में लंबे समय तक बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ रहते हुए वित्तीय गड़बड़ी को अंजाम दिए हैं। क्षेत्र के ही एक ठेकेदार द्वारा संबंधित इंजीनियर असिस्टेंटो द्वारा चुनिंदा ठेकेदारो से मिलीभगत कर व्यापक पैमाने में वित्तीय गड़बड़ी कर बोगस भुगतान की शिकायत की गई थी, करीब दस माह तक चले जांच परीक्षण के बाद सतर्कता विभाग की टीम ने जांच रिपोर्ट सीवीओ को प्रस्तुत किया जिसके बाद सीवीओ ने बिश्रामपुर जीएम को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया है।

**कई करोड़ रुपए के फर्जीवाड़ा करने के लगे आरोप**

बताया गया कि क्षेत्र के चल रहे दो से ढाई करोड़ के वर्तमान सहित पुराने एएमसी कार्य में संबंधित इंजीनियरिंग असिस्टेंट द्वारा बिना काम के ठेकदार को करोड़ो रुपये का भुगतान कर दिया गया, जिसमें लेबर सप्लाई के काम में बड़ी गड़बड़ी पकड़ी गई है,इसी प्रकार अमेरा खदान में 20 लाख के डब्ल्यूबीएम सड़क में बिना काम के भुगतान करने से हंगामा होने व मामला उजागर होने के बाद पुनः इसी जगह पर शीघ्र ही 25 लाख का टेंडर कर कार्य करने,एकता स्टेडियम में कंपनी स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करने, क्रिकेट पिच तैयार करने एवं घास लगाने के काम के बदले केवल वाइट वाशिंग कर पूरा बिल आहरण कर लिया गया, इसके अलावा अन्य कार्यों में बड़े स्तर पर फर्जी एमबी बुक बनाकर सम्बंधित ठेकेदार को भुगतान कर देने का मामला जांच में पकड़ में आया है।

---



## लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वन प्रबंधन समिति द्वारा ग्राम डिगनगर, ओंकारा और पतरापारा क्षेत्र में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों को कच्चे लघु वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण के प्रति जागरूक करने हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान समिति प्रबंधक सुरेश सोनी एवं वन धन जिला प्रबंधक बलरामपुर सौरव गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की वन धन खरीदी योजना की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता और साल बीज के साथ-साथ राज्य सरकार अब अन्य कच्चे लघु वनोपजों की भी खरीदी कर रही है, जिससे वनोपज विक्रेताओं को आमदनी के नए स्रोत प्राप्त हो रहे हैं। वर्षभर किसी न किसी प्रकार की वनोपज की पैदावार होती रहती है, इसलिए ग्रामीणों को इसके संग्रहण और प्रसंस्करण से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वर्तमान में ग्रामीणों को हरा संग्रहण और प्रसंस्करण के विषय में प्रशिक्षण व जानकारी दी जा रही है।

---

## छात्र-छात्राओं को दी गई कानून संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में तालुका विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ओपी चौहान एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सतीश कुमार खाखा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।



स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ओपी. चौहान ने कहा कि कानून केवल दंड का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में समानता और न्याय की स्थापना का साधन है। हर नागरिक को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होना आवश्यक है। वहीं सतीश कुमार खाखा ने कहा कि विधिक साक्षरता से समाज में न्याय के प्रति विश्वास और जागरूकता दोनों बढ़ती हैं। युवाओं को बचपन से ही कानून की मूल बातें समझनी चाहिए ताकि वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अवसर पर अतिथियों ने स्कूली छात्र-छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन देते हुए विधि क्षेत्र के विभिन्न अवसरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य अशोक राम, नक्षत्र तिवारी उपप्राचार्य, सुनील महापात्रा सहित सभी शिक्षक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

## महिलाओं की अगुवाई में नशामुक्ति की ओर बढ़े गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अवैध शराब उन्मूलन एवं नशा विरोधी अभियान को लेकर सतत और सशक्त प्रयास जारी हैं। प्रतिदिन थाना और चौकी क्षेत्र के पुलिस अधिकारी अपने अमले के साथ गांव-गांव पहुंचकर चौपाल लगाते हुए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करा रहे हैं तथा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देते हुए महिला समितियों का गठन कर रहे हैं। इन समितियों के माध्यम से अब गांवों में नशामुक्त वातावरण तैयार हो रहा है और सामाजिक सौहार्द में भी उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।



महिला समिति के सदस्य नशे के खिलाफ इस अभियान की प्रमुख शक्ति बन गई हैं। वे पुलिस टीमों के साथ मिलकर गांवों में निरंतर गश्त करती हैं, शराब बनाने और बेचने वालों पर पैनी नजर रखती हैं और पुलिस को हर संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत देती हैं। कई स्थानों पर इन महिला समितियों ने स्वयं आगे बढ़कर अवैध शराब बनाने वाले स्थलों की सूचना दी, जिस पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए शराब जब्त की और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। इस सक्रियता के परिणामस्वरूप अब गांवों में अवैध शराब की उपलब्धता में भारी कमी आई है। नशे के कारण होने वाले घरेलू विवाद और आपसी झगड़े में कमी आ रही है। ग्रामीणों में जागरूकता और अनुशासन की भावना विकसित हुई हैं, वहीं महिलाएं अपने गांव को नशामुक्त बनाने के लिए एकजुट होकर प्रेरक उदाहरण पेश कर रही हैं।



# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

लाइफ Style

# नोरा

## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

नोरा फतेही अपने बेहतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।




हॉलीवुड मसाला



# कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।



# वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्स: स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



# एसएसएमबी-29 का पहला गाना रिलीज

**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



# प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



# आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गईं- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

## इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने



और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।

इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

# सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।



### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन

**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए





एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

## हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी

*नई दिल्ली। अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। होरी की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिवॉल्वर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

## खबर संक्षेप

### अमहर जलाशय नहरों की हो मरम्मत

**बैकुण्ठपुर।** जनपद सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बैकुंठपुर श्रीमती आशा महेश साहू ने अमहर



जलाशय के नहरों की मरम्मत एवं सफाई कार्य शीघ्र कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि अमहर जलाशय की दायी तट नहर छिंदियां-तेंदुआ का मुख्य गेट क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे जल प्रवाह बाधित है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि मुख्य नहर अमहर, छिंदियां, तेंदुआ सहित कई गांवों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, इसके कारण किसानों की रबी फसल की बुवाई एवं उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। श्रीमती आशा महेश साहू ने कहा कि किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए नहर की मरम्मत एवं सफाई का कार्य शीघ्र कराया जाना आवश्यक है, ताकि आगामी फसलों की सिंचाई सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि यदि तत्काल मरम्मत कार्य व साफ-सफाई नहीं कराए जाने पर किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ेगा मांग पत्र पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व किसानों के भी हस्ताक्षर किए गए हैं।

### पीएम आवास योजना ने बदली जीवन की दिशा

**बैकुण्ठपुर।** कभी कच्चे घर की दीवारों में रिसते पानी से परेशान रहने वाले ग्राम पंचायत चंदहा के किसान श्रीनाथ अब अपने पक्के मकान में रहते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने उनके वर्षों पुराने सपने को साकार कर दिया है। कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत के निवासी श्रीनाथ छोटी कृषि भूमि पर परंपरागत खेती करते हैं और बाकी समय मजदूरी से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पहले वह कच्चे घर में रहते थे, जहां बरसात में पानी भर जाता था, आंगन में कीचड़ और सांप-बिच्छू के डर से रातें जागकर गुजरती थीं। बच्चों की सुरक्षा और परिवार की परेशानियों ने हमेशा उनके मन में चिंता पैदा की। वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रीनाथ का चयन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वंचित वर्ग में हुआ। योजना के तहत उन्हें एक लाख बीस हजार रूपए की आर्थिक सहायता मिली। साथ ही महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 90 दिन की मजदूरी का भुगतान भी प्राप्त हुआ। दोनों योजनाओं से मिली सहायता के बल पर श्रीनाथ ने अपने हाथों से पक्का घर बनवाया।

### लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा हेतु बैठक 13 को

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग के विभिन्न विभागों के लंबित पेंशन प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए संभागायुक्त कार्यालय अम्बिकापुर में 13 नवंबर को समीक्षा बैठक आयोजित की है। बैठक प्रातः 11 बजे कार्यालय के सभाकक्ष में होगी। कमिश्नर कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार सरगुजा, जशपुर, कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर और एमसीबी में लंबित पेंशन प्रकरणों की सूची तैयार की गई है। सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विभाग से संबंधित सभी लंबित पेंशन प्रकरणों की अद्यतन जानकारी के साथ संपूर्ण ब्यौरा बैठक से पूर्व कमिश्नर कार्यालय को उपलब्ध कराने एवं बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## न्यूनतम तापमान पहुंचा 7.6 डिग्री, मैनपाट का पारा 4.0 डिग्री

# शीतलहर के प्रभाव से पारा में रिकॉर्ड गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उत्तर एवं पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से मंगलवार को पारा में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। सर्द हवाओं के प्रभाव से अम्बिकापुर का न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड गिरावट के साथ 7.6 डिग्री पर पहुंच गया है जबकि छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट सहित पठारी क्षेत्र सामरी पाट एवं लहसून पाट का पारा 4.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में भी शीतलहर का प्रकोप जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**
- पठारी क्षेत्रों में जमा पाला

पिछले दो दिनों से शहर सहित पूरा सरगुजा संभाग शीतलहर की चपेट में है। राजस्थान के रेगिस्तान से लगातार पहुंच रही शुष्क वहीं हिमालय से टकराने के बाद बर्फ की ठंडक लेकर पहुंच रही सर्द हवाओं ने कंपकपी बढ़ा दी है। हालत यह है कि वातावरण की नमी सूखने से शुष्कता बढ़ते जा रही है जिससे खुले स्थानों पर कड़ाके की ठंड लग रही है घरों के भीतर भी ठंड से राहत नहीं मिल रही है। वातावरण में कनकनी की मात्रा बढ़ने के कारण दिन में भी लोगों को गर्म कपड़ा पहनना पड़ रहा है। शीत लहर का प्रभाव पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश में भी देखा जा रहा है। शीत लहर के प्रभाव से वातावरण की आर्द्रता 30-32 फीसदी के मध्य पहुंच गई जो दो दिन पूर्व तक 40 फीसदी रह रही थी। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में भी शीत लहर का प्रभाव जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं वहीं मौसम विभाग ने 15 नवम्बर तक शीत लहर जारी रहने का अलर्ट जारी किया है। शीत लहर के प्रकोप के बीच आगामी दिनों में पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है। पछुआ विक्षोभ या अन्य मौसमी व्यवधान के उत्पन्न होने से आगामी दिनों में शीत लहर से राहत मिल सकती है। दूसरी तरफ मौसमी व्यवधान शीत लहर पर प्रभावी नहीं हुआ तो ठंड का प्रभाव आगे जारी रहने की संभावना है। शीत लहर के प्रभाव से मंगलवार को न्यूनतम तापमान में सामान्य से 6.3 डिग्री की गिरावट होने के कारण एक बार फिर सरगुजा छत्तीसगढ़ का सबसे ठंडा क्षेत्र बन गया है।



पैरा के ऊपर जमा पाला।

### 6 दशक में पहली बार रिकॉर्ड गिरावट

आमतौर पर सरगुजा में नवम्बर के तीसरे सप्ताह में पारा में तेज गिरावट होती है। कई बार मध्य नवम्बर के पूर्व भी न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है लेकिन पिछले 56 वर्षों में मंगलवार को मध्य नवम्बर के पूर्व न्यूनतम तापमान में इतनी अधिक गिरावट दर्ज की गई है जब पारा सामान्य से 6.3 डिग्री की गिरावट के साथ 7.6 के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। न्यूनतम पारा में 0.3 डिग्री की और अधिक गिरावट होते ही क्षेत्रवासियों को भीषण शीतलहर से जूझना पड़ सकता है।

### मैनपाट में जमा पाला

शीतलहर के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट एवं बलरामपुर जिला अंतर्गत पठारी क्षेत्र सामरी पाट एवं लहसून पाट का न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। पठारी क्षेत्र होने के कारण इन क्षेत्रों में ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। सुबह मैनपाट में घास के मैदानों एवं खलिहानों में पाला की सफेद चादर बिछ गई थी। ठंड बढ़ने के कारण इन क्षेत्रों में लोग सुबह धूप निकलने पर घरों से बाहर निकल रहे हैं तथा शाम में जल्दी घर लौट जा रहे हैं जिसके कारण धान की कटाई सहित अन्य कार्य प्रभावित हो गए हैं।

### बच्चों, बुजुर्गों के लिए खतरनाक

विशेषज्ञ चिकित्सक वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड को बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बता रहे हैं तथा इनकी विशेष देखभाल करने एवं गर्म कपड़े पहनने के बाद ही खुले में निकलने की जरूरत बता रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के सहायक अधीक्षक एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.जेके रेलवानी ने बताया अधिक ठंड पड़ने पर सर्दी, खांसी सहित सांस, गले एवं फेफड़े में इन्फेक्शन होने की समस्या आती है। सभी आयु वर्ग के लोगों को सावधानी बरतने एवं बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है।

# लॉ एंड ऑर्डर को लेकर बैठक, लिए गए कड़े निर्णय



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिले में कानून और शांति व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह की उपस्थिति में लॉ एंड ऑर्डर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था, नशा मुक्ति अभियान, सड़क सुरक्षा, अवैध अतिक्रमण और सार्वजनिक व्यवस्था जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक की शुरूआत आगामी रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम की तैयारियों से हुई, जो 14 नवंबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में खोंगापानी से मनेंद्रगढ़ तक आयोजित होगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। कलेक्टर ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर बिगाड़ने वाले किसी भी तत्व पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बाहरी घुसपैठियों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा और शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी क्षेत्र में कब्जाधारियों के विरूद्ध शीघ्र कार्रवाई कर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और बाजारों में लगे अवैध ठेले और कब्जे तत्काल हटाए जाएं और हाईकोर्ट के आदेशों का सख्ती से पालन हो। अब सार्वजनिक स्थलों पर जन्मदिन पार्टी या निजी कार्यक्रम आयोजित करने वालों पर कार्रवाई होगी। धान खरीदी केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि घुटरीटोला, चांटी, घुघरी और बौरीडांड जैसे संवेदनशील केन्द्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी, सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, तथा अवैध धान रखने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# नर्सिंग कॉलेज में साईबर सुरक्षा पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में साईबर जन जागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। थाना बैकुंठपुर से निरीक्षक विपिन कुमार लकड़ा, प्रधान आरक्षक दीपक पाण्डेय, आरक्षक अजय कुजूर एवं महिला आरक्षक सुमन सिंह के द्वारा कार्यशाला आयोजित किया गया।





न्यू लाईफ के संस्था प्रबंधन, समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के समक्ष साईबर फ्रॉड एवं उससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस विभाग से उपस्थित प्रशिक्षकों के द्वारा बताया गया कि साईबर प्रहरी वाट्सअप ग्रुप से जुड़कर फेसबुक एवं अन्य ऐप के द्वारा हो रहे अपराधों से बचा जा सकता है। किसी भी प्रकार का साईबर फ्राड होने पर 1930 नंबर पर डायल कर पुलिस विभाग से मदद ले सकते हैं। बिना हेलमेट एवं लाइसेंस के वाहन चलाने पर चालकों के विरूद्ध कार्रवाई हो सकती है। महिलाएं अपनी आत्म रक्षा कर सकती है एवं किसी भी जानकारी को गुप्त रूप से भी बता कर अपनी सुरक्षा कर सकती है। स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी एवं सभी अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से भी पुलिस थाने में अपनी परेशानियों की जानकारी प्रदान कर सकते हैं। कार्यशाला के अंत में संस्था संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के द्वारा पुलिस विभाग से उपस्थित प्रशिक्षकों का आभार प्रदान किया गया एवं साईबर जन जागरूकता अभियान अंतर्गत यह संदेश दिया गया कि किसी भी कार्य को गलत तरीके एवं किसी भी प्रकार के लालच में आकर अपराध नहीं करें। कार्यक्रम में न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट के प्राचार्य सहित समस्त नर्सिंग शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री व महापौर ने किया शहर में 14 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को शहर में 14 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया।

बता दें कि शहर में विकास कार्यों के लिए शासन से 18 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इस राशि से शहर के वार्डों में डामरीकरण, पैच रिपेयरिंग के साथ ही अन्य कार्य कराए जाने है। शहर में विकास कार्यों के लिए जोनवार टेंडर किया गया है। मंगलवार को शेष बचे 14 करोड़



रुपए के कार्यों के लिए सभी जोन का सामूहिक भूमिपूजन आयोजित किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व अन्य पदाधिकारियों ने विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्यों की शुरुआत की। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि अब शहर में विकास कार्यों के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। 14 करोड़ रुपए की लागत से विभिन वार्डों में डामरीकरण, सीसी सड़क और नाली निर्माण के कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने राजमोहिनी देवी भवन के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव बनाने और नगरोत्थान योजना के खाली जमीन में ऑडिटोरियम के बगल में डोम निर्माण करने हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती भगत ने बताया कि शहर में विकास का काम निरंतर जारी रहेगा। वर्तमान में 18 करोड़ रुपए की लागत से कार्य कराए जा रहे है जबकि शासन से पुनः 21 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है इस राशि से भी डामरीकरण और मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। शहर में जर्जर सड़कों की समस्या नहीं रहेगी। लोक निर्माण विभाग और एनएच द्वारा भी सड़को का काम किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही होने पर ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पिता की हत्या के आरोप में पुत्र गिरफ्तार जमीन विवाद पर उतारा मौत के घाट

**सीतापुर।** जमीन विवाद पर पिता की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस स मिली जानकारी के अनुसार मृतक रूपधर अचगले अपने छोटे बेटे जीतराम अचगले के साथ रहता था जबकि उसका बड़ा बेटा नेतराम अपने परिवार के साथ अंबिकापुर में रहता है। नेतराम 10 नवंबर को अपनी पत्नी के साथ गृह ग्राम आया था और अपने साढ़ू गोपाल राम के घर में रुका था। इधर रूपधर अचगले दोपहर 2 बजे सब्जी बेचने के लिए गुतुरमा चौक हटरी गया था।

इस दौरान लोगों ने नेतराम को दो से तीन बार बाजार में घुमते देखा था। शाम को 6.30 बजे मनोज अचगले ने जीतराम को घर जाकर सूचना दी कि किसी ने उसके पिता की हत्या कर दी है। सूचना मिलने के बाद जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा की राजेश अचगले के घर के सामने उसका पिता रूपधर मृत पड़ा हुआ है। इस दौरान लोगों ने बड़े बेटे नेतराम द्वारा उसकी हत्या किए जाने की बात कही गई। इस घटना की सूचना जीतराम ने



पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया इसके साथ ही पुलिस ने घेराबंदी कर 55 वर्षीय नेतराम अचगले आ. रूपधर राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। जमीन विवाद पर उसने लकड़ी के फाड़ी से हत्या करने और स्कूटी से भागने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है।

# डॉ.हेडगेवार ने राष्ट्र यज्ञ में स्वयं को किया समर्पित : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ.हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाट्य का मंचन पीजी कॉलेज के सभागार में सोमवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, आरएसएस प्रांत सेवा प्रमुख तुलसीदास, संस्कार सेवा समिति के अध्यक्ष भगवान दास बंसल के आतिथ्य एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया।

नादब्रम्हा नाट्य ग्रुप की प्रस्तुतियों से सभागार में उपस्थित दर्शक भावविभोर हो उठे। शहर में लंबे समय बाद नाट्य विधा का जीवंत अभिनय कला प्रेमियों को देखने को मिला। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि डॉ.हेडगेवार ने राष्ट्र यज्ञ में स्वयं को समर्पित कर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना कर देश को एकता



के सूत्र में पिरोने का काम किया। उन्होंने कहा कि एकता, अनुशासन व राष्ट्रीय चेतना से ही भारत देश आगे बढ़ेगा। संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि डॉ.हेडगेवार का संपूर्ण जीवन भारत माता की सेवा में समर्पित था। वे कोई व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा थे। नादब्रम्हे नाट्य ग्रुप के पद्घाकर धानोरकर ने बताया कि महाराष्ट्र व गोवा के बाद छत्तीसगढ़ में तीसरी नाट्य प्रस्तुति को दर्शकों का अद्भुत प्यार मिल रहा है। देश के अन्य राज्यों में भी प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम का संचालन संस्कार सेवा समिति के सचिव अजय मिश्रा तथा आभार प्रदर्शन नरेंद्र सिन्हा ने किया। इस दौरान विभाग संघचालक जलजीत सिंह, विभाग कार्यवाह सहदेव भगत, सह विभाग कार्यवाह वंदे राम बैरागी, हेमंत नाग, अमरदीप देवांगन, नागेश नाथ योगी, गौरांगों सिंह, सिद्धिविनायक पाण्डेय, सम्पत चंदेल, अनुज दुबे, अभय पालोरकर, भोलानाथ गुप्ता, माधवेंद्र सिंह, विनीत गुप्ता, विशाल अग्रवाल, शिवमंगल सिंह, विधायक प्रबोध मिंज व रामकुमार टोप्पो, महापौर मंजूषा भगत, युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, अखिलेश सोनी, अनिल सिंह मेजर, भारत सिंह सिसोदिया, हरमिंदर सिंह टिन्नी, ललन प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

# प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में शिफ्ट हुई गंगापुर शराब दुकान

**अम्बिकापुर।** गंगापुर स्थित शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान को प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में शिफ्ट कर दिया गया है। जहां आज से शराब बिक्री का संचालन शुरू हो गया है। गंगापुर मोहल्ले के लोगों द्वारा लंबे समय से शराब दुकान हटाने की मांग कर रहे थे। शराब दुकान मोहल्ले से हट जाने से अब लोगों ने राहत की सांस ली। शहर के गंगापुर मोहल्ले में कुछ साल से शासकीय शराब दुकान का संचालन शुरू किया गया। शराब दुकान संचालित होने तथा शाम के समय शराबियों के भीड़ होने से मोहल्ले के लोग काफी परेशान थे। मोहल्ले की महिलाओं द्वारा पूर्व में शराब दुकान हटाने के लिए प्रशासन से कई बार गुहार लगाई लेकिन शराब दुकान को दूसरे जगह स्थानांतरित नहीं किया गया। इसी बीच मोहल्ले के लोगों से



रूबरू होने पहुंचे मंत्री राजेश अग्रवाल से मोहल्ले के लोगों ने शराब दुकान हटाने की मांग की। जिस पर मंत्री राजेश अग्रवाल द्वारा शराब दुकान दूसरे जगह स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया। लंबे समय से लोगों द्वारा की जा रही मांग पर बीती रात गंगापुर स्थित शासकीय शराब दुकान को प्रतीक्षा बस स्टैंड परिसर में शिफ्ट किया गया। मोहल्ले से शराब दुकान हटाने पर अब मोहल्ले वासियों ने राहत की सांस ली।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आवारा श्वानों को...

कभी-कभी आवाना श्वान दुपहिया वाहन चालको को वाहन के पीछे से दौड़ाने भी लगते हैं, ऐसे में दुपहिया वाहन चालक अपनी वाहन की गति को तेज कर देता है, इससे दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है। अब नपा द्वारा यह आदेश जारी कर दिया गया है कि सार्वजनिक जगहों पर कुत्तों को कुछ भी खिलाना प्रतिबंधित किया गया है और उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### कोटपा एक्ट के...

दिए गए। साथ ही शासकीय विवेकानंद पीजी कॉलेज मनेन्द्रगढ़ में धूम्रपान मुक्त शिक्षण संस्थान का बोर्ड प्रदर्शित न होने पर कॉलेज प्रबंधन को तत्काल साइन बोर्ड लगाने के निर्देश प्रवर्तन दल द्वारा प्रदान किए गए। कार्रवाई में सुश्री लक्ष्मी रजक, सहायक नोडल अधिकारी (स्वास्थ्य विभाग), तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन से औषधि निरीक्षक विकास लकड़ा एवं आलोक मिंज उपस्थित रहे।

## ग्राम सिरसी में ग्रामीण के घर से 250 बोरी धान जब्त

**अम्बिकापुर।** राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने विकासखण्ड भैयाथान अंतर्गत ग्राम सिरसी में छापामार कार्रवाई के तहत एक ग्रामीण के गोदाम से 250 बोरी अवैध धान जब्त करने में सफलता पाई है। घर में अवैध धान भण्डारण करने की सूचना पर संयुक्त टीम ने रविशंकर गुप्ता आ.त्रिवाणी गुप्ता के गोदाम की जांच की तो 250 बोरी धान मिला। टीम जब्त धान को दूसरे राज्यों से मंगाने एवं समिति में खपाने के उद्देश्य से भण्डारित करने की संभावना व्यक्त की है। ग्रामीण द्वारा वैद्य लाइसेंस के बिना धान संग्रहण करने की बात सामने आई है।

# चार दिन के नवजात शिशु की उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

- दुष्कर्म पीड़िता ने दी थी जन्म, रिश्ते के चाचा ने किया था अनाचार

दुष्कर्म पीडिता ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शिशु को जन्म दी। शिशु की हालत गंभीर होने पर एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया जहां चार दिन बाद शिशु की मौत हो गई। किशोरी के साथ कोई दूसरा नहीं बल्कि उसके रिश्ते के चाचा ने ही उसके साथ दुष्कर्म किया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के नगोई निवासी 16 वर्षीय किशोरी मार्च माह में रिश्ते के चाचा के साथ सोमवारी बाजार जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में सुनसान जगह पर रिश्ते के चाचा ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन लोक लज्जा के डर से दुष्कर्म की घटना को दबा दिया। इसी बीच किशोरी गर्भवती हो गई। प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन कुछ दिन पूर्व की किशोरी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया जहां शिशु को जन्म दी। शिशु की हालत गंभीर होने पर उसे एसएनसीयू वार्ड में रख उपचार शुरू किया गया जहां चार दिन बाद शिशु की मौत हो गई। आज मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।





